भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 6016

1 अप्रैल, 2026 के लिए प्रश्न

एफसीआई के डीएमसी

6016. श्री मलविंदर सिंह कंगः

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पंजाब में भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के क्षति निगरानी प्रकोष्ठों (डीएमसी) की मंडलीय, क्षेत्रीय और जोनल-वार संगठनात्मक संरचना क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान कितने नुकसान के मामलों की जांच की गई है और कितने मामलों में अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है;

(ग) क्या पंजाब में स्टॉक की स्थिति की निगरानी करने और बर्बादी को कम करने के लिए किन्हीं प्रौद्योगिकीय उपकरणों का प्रयोग/उपयोग किया जा रहा है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री

(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)

(क): पंजाब में क्षति निगरानी प्रकोष्ठों (डीएमसी) की संगठनात्मक संरचना का विवरण निम्नानुसार है:

स्तर	प्रकोष्ठ का गठन
जिला	मंडल कार्यालयः मंडल प्रबंधक प्रयोगशाला प्रबंधक (गुणवत्ता नियंत्रण) प्रबंधक (लेखा) प्रबंधक (गुणवत्ता नियंत्रण), संबंधित डिपो
क्षेत्रीय	क्षेत्रीय कार्यालयः सहायक महाप्रबंधक (गुणवत्ता नियंत्रण) और सहायक महाप्रबंधक (लेखा) मंडल कार्यालयः सहायक महाप्रबंधक (गुणवत्ता नियंत्रण)
अंचल	अंचल कार्यालयः सहायक महाप्रबंधक (गुणवत्ता नियंत्रण) क्षेत्रीय कार्यालयः सहायक महाप्रबंधक (गुणवत्ता नियंत्रण) मंडल कार्यालयः सहायक महाप्रबंधक (गुणवत्ता नियंत्रण)

...2/-

(ख): पिछले पांच वर्षों के दौरान जांच किए गए क्षति संबंधी मामलों की संख्या और उनपर की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई का विवरण निम्नानुसार है:

वर्ष	क्षति उद्भोधन के मामलों की संख्या	की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई
2020-21	0	0
2021-22	01	किसी को भी जिम्मेदार नहीं ठहराया गया क्योंकि कंपनी द्वारा सुपुर्द किए गए स्टाक को भारतीय खाद्य निगम द्वारा अस्वीकृत कर दिया गया था।
2022-23	01	भारी बारिश और उसके बाद आई बाढ़ के कारण नुकसान हुआ। किसी को भी जिम्मेदार नहीं ठहराया गया।
2023-24	11	भारतीय खाद्य निगम के किसी भी कर्मचारी को जिम्मेदार नहीं ठहराया गया।
2024-25	02	भारतीय खाद्य निगम के किसी भी कर्मचारी को जिम्मेदार नहीं ठहराया गया।

(ग) और (घ): विभाग द्वारा प्रयोगशाला गतिविधियों की वास्तविक समय के आधार पर निगरानी करने के लिए गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली (क्यूएमएस) विकसित की गई है। इस प्रणाली का उद्देश्य प्रचालन नियोजन को बढ़ाना, खाद्यान्नों के गुणवत्ता नियंत्रण में सुधार करना तथा खाद्यान्नों की खरीद, संरक्षण और संपूर्ण आपूर्ति श्रृंखला प्रक्रियाओं में अधिक विश्वसनीयता एवं सटीकता सुनिश्चित करना है।

*****